(8:20)

फा.सं.ई.-15013/1/2022-हिंदी

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

हिंदी अनुभाग

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांकः 11, जनवरी, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषयः 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए नामांकन के संबंध में।

उपर्युक्त विषय के संबंध में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिनांक 23 नवंबर 2022 के पत्र सं. क्यू/हिंदी/162/22/2022-10 की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

विनोद कुमार सिंह

(विनोद कुमार सिंह)

उप सचिव

सेवा में,

वाणिज्य विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालय

Pl. circulate

SO (Admn)

17/1/2023

ASO (PP)

विश्व हिंदी सम्मेलन
फिजी, 2023

सत्यमेव जयते

विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
Ministry of External Affairs
New Delhi

सुब्रह्मण्यम जयशंकर
विदेश मंत्री

संख्या. क्यू/हिंदी/621/22/2022-10

दिनांक : 23 नवंबर, 2022

विषयः 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए नामांकन के संबंध में।

प्रिय श्री पीयूष गोयल जी,

मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फिजी सरकार के सहयोग से 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन दिनांक 15-17 फरवरी, 2023 तक फिजी के नांदी शहर में आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन का मुख्य विषय **'हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक (Hindi – from conventional wisdom to artificial intelligence)'** है। विषय के अनुरूप विभिन्न समानांतर सत्रों का आयोजन एवं हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी प्रस्तावित है। **सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु एक 'सलाहकार समिति' का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष विदेश राज्य मंत्री श्री वी. मुरलीधरन जी हैं।**

अनुरोध है कि आप अपने मंत्रालय/विभाग में हिंदी संवर्ग से जुड़े अधिकारियों को इसमें भाग लेने के लिए नामांकित करें। साथ ही हिंदी में रुचि रखने वाले अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया जा सकता है। कृपया 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन से संबंधित जानकारी अपने मंत्रालय/विभाग के अन्य अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों में भी परिचालित करवाएँ ताकि वहां के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। सम्मेलन से संबंधित वेबसाइट www.vishwahindisammelan.gov.in पर यह सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध होगी। पंजीकरण शुल्क मात्र 2000/- रु. है। सम्मेलन हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रतिभागिता संबंधी सभी व्यय संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा वहन किए जाएंगे।

कृपया 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की वेबसाइट का लिंक आप अपने मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट पर भी डलवाना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस सम्मेलन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके और सम्मेलन में समुचित प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके।

सादर,

सु. जयशंकर
(सु. जयशंकर)

श्री पीयूष गोयल,
मंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (भारत सरकार)